

# लकड़ी की टाल और रुई गोदाम में भड़की आग

## कड़ी मशक्कत कर दमकलों ने पाया आग पर काबू





नवभारत न्यूज

**सतना 26 फरवरी. शहर के भीड़-भाड़ भरे रिहायशी इलाकों में तकरीबन सैकड़ा भर ऐसे स्थान होंगे जहां पर अग्नि दुर्घटना के लिए खासे संवेदनशील माने जाने वाले सामान का भरपूर स्टॉक बना रहता है.**

जहां पर गाहे-बगाहे अग्नि दुर्घटना भी सामने आती रहती है. लेकिन यह सब जानते-समझते हुए भी ननि द्वारा महज नोटिस जारी कर औपचारिकता निभा ली जाती है. इसी कड़ी में में शहर के रिहायशी इलाके में स्थित एक लकड़ी की टाल और एक रुई के गोदाम में भीषण आग लगने की घटना सामने आ गई. बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात शहर के सेमरिया चौक के निकट रिहायशी इलाके में स्थित एक लकड़ी की टाल में आग लगने की सूचना ननि के दमकल विभाग को मिली थी. जिसके आधार पर दमकल कर्मी मौके पर पहुंच गए और दमकल की मदद से आग को नियंत्रित करने का प्रयास शुरु कर दिया. कुछ देर तक कड़ी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पा लिया गया. यह तो गनीमत रहीं कि समय रहते दमकल कर्मियों ने अपना काम शुरु कर दिया और आग लकड़ी की टाल से आगे नहीं बढ़ सकी. अन्यथा उक्त टाल में लकड़ी का इतना स्टॉक था कि आग फैलने से गंभीर क्षति सामने आ सकती थी. टाल के एक हिस्से में रखी लकड़ी को ही आग प्रभावित कर पाई.

इसी तरह की दूसरी घटना गुरुवार भोर में शहर के नजीराबाद क्षेत्र में स्थित एक रुई के गोदाम में भीषण आग लगने की सामने आई. जिसकी सूचना पाकर दमकल कर्मी मौके पर पहुंच गए और कड़ी मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाने के प्रयास शुरु कर दिए गए. आधा दर्जन दमकल वाहन काफी देर तक चक्कर लगाते रहे. काफी देर तक कड़ी मशक्कत के चलते आग पर धीरे धीरे काबू पा लिया गया. गोदाम संचालक के अनुसार गोदाम में लगभग 8 लाख रु का सामान रखा हुआ था जो जलकर खाक हो गया.

### फिर जारी होगी नोटिस...

लकड़ी की टाल और रुई गोदाम में लगी आग के मामले में प्रथम दृष्ट्या शार्ट सर्किट को कारण बताया जा रहा है. इस मामले की जांच ननि की फायर शाखा द्वारा की जाएगी. जिसके आधार पर नोटिस जारी करते हुए संबंधित संचालकों से अर्थदण्ड वसूलने की कवायद की जाएगी. यह सिलसिला पिछले कई वर्षों से यूं ही बदस्तूर जारी है. रिहायशी क्षेत्रों में अवैध माने जाने वाले गोदाम बिना किसी फायर अनापत्ति प्रमाण पत्र के संचालित होते आ रहे हैं. लेकिन हर दुर्घटना के बाद ननि द्वारा एक और नोटिस जारी करते हुए अपनी औपचारिकता पूरी कर ली जा रही है.

# पुराने विवाद में युवक पर चाकू से हमला

## जिला चिकित्सालय में उपचार जारी



नवभारत न्यूज

**सतना 26 फरवरी. युवकों के बीच आपसी विवाद के चलते पहले भी दो बार झगड़ा-मारपीट की घटना सामने आ चुकी थी. लेकिन तीसरी बार हुए विवाद ने उस वक्त गंभीर मोड़ ले लिया जब एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया. घायल का उपचार जारी है व पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत धवारी इलाके का निवासी गंधर्व सिंह 26 वर्ष नामक युवक गुरुवार को अपनी मोटरसाइकिल से मैहर बाईपास पर स्थित नवीन बस स्टैण्ड की ओर जा रहा था. बताया गया कि जैसे ही गंधर्व रीवा रोड पर गहरा नाला के निकट पहुंचा वैसे ही धवारी मोहल्ले के निवासी दो युवक प्रयांश सिंह बघेल और कृष्णकांत गौतम ने गंधर्व को रोक लिया. देखते ही देखते दोनों ने मिलकर गंधर्व पर चाकू से हमला कर दिया. सरेराह चाकूबाजी की घटना होती देख आस पास मौजूद लोग और राहगीर सहम गए. इस दौरान किसी की भी बीच बचाव करने की हिम्मत नहीं हुई. वहीं चाकू से जानलेवा हमला कर लहुलुहान हालत में छोड़कर दोनों वहां से भाग निकले. जिसे देखते हुए राहगीरों द्वारा डायल 100 को सूचना दी गई. मौके पर पहुंची कोलगवां थाना पुलिस द्वारा घायल गंधर्व को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया. जहां पर जारी उपचार के दौरान चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि गंधर्व की पीठ पर चाकू के 8 वार हैं. जिसे देखते हुए उसके स्वास्थ्य की विशेष निगरानी की जा रही है. वहीं पुलिस द्वारा गंधर्व के बयान लेने के बाद आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरु कर दी गई. पुलिस के अनुसार घायल युवक और चाकू से हमला करने वाले युवक एक ही क्षेत्र के निवासी हैं. उनके बीच इससे पहले भी 2 बार झगड़ा-मारपीट हो चुकी है.

# चलती ट्रेन से यात्री गिरा, दोनों पैर क्षतिग्रस्त

## हाटी रेलवे स्टेशन के निकट हुई घटना, मेडिकल कॉलेज रीवा रेफर



नवभारत न्यूज

**सतना 26 फरवरी. गोरखपुर से अहमदाबाद तक की यात्रा कर रहा एक व्यक्ति का संतुलन बिगड़ने के कारण हाटी रेलवे स्टेशन के निकट ट्रेन से नीचे गिर गया. ट्रेन की चपेट में आने के कारण उसके दोनों पैर क्षतिग्रस्त हो गए. गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय सतना में प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रीवा रेफर कर दिया गया.**

ट्रेन क्रमांक 19490 मोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस में सवार यात्रियों द्वारा रेलवे कंट्रोल रुम को इस बात की सूचना दी गई कि ट्रेन की सामान्य बोगी में सवार एक यात्री नीचे गिर गया है. यह सूचना प्रसारित होते हुए स्टेशन प्रबंधक, जीआरपी और आरपीएफ सतना के पास तक पहुंची. जिसे देखते हुए जीआरपी और आरपीएफ अमला बताए गए स्थान पर पहुंच गया. आस पास तलाश करने पर रेलवे ट्रैक के निकट एक व्यक्ति बुरी तरह घायल अवस्था में पाया गया. घायल व्यक्ति को फौरन उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया. जहां पर फौरन भर्ती कर उपचार शुरु हुआ. चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि एक ओर जहां व्यक्ति के दोनों पैर क्षतिग्रस्त हो गए हैं वहीं दूसरी ओर काफी रक्त भी बह चुका है. लिहाजा कुछ देर तक उपचार करने के बाद उसकी स्थिति को देखते हुए आगे के इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रीवा रेफर कर दिया गया. जहां पर भर्ती कर उपचार जारी है व हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है. वहीं जीआरपी द्वारा घायल यात्री के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है. जिसके आधार पर परिजन रीवा के लिए रवाना हो गए.

### झटके से संतुलन बिगड़ा

घायल यात्री की पहचान तालीम हुसैन पिता मौलवी उम्र 38 वर्ष निवासी सिवान बिहार के तौर पर हुई. बताया गया कि तालीम गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस ट्रेन की सामान्य बोगी में सवार होकर यात्रा कर रहे थे. बोगी में काफी भीड़ थी, इसी दौरान वे शौचालय की ओर जाने के लिए निकले. उस दौरान ट्रेन तेज रफ्तार से हाटी रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी. जैसे ही वे दरवाजे के निकट पहुंचे अचानक ट्रेन में लगे झटके के कारण उनका संतुलन बिगड़ गया. जिससे देखते ही देखते वे ट्रेन से नीचे गिर गए.

# एकेएस विश्वविद्यालय में आईबीएम डे टेक्नोवेट 2026 का आयोजन आज

**सतना, 26 फरवरी.** एकेएस यूनिवर्सिटी में 27 एवं 28 फरवरी 2026 को सीएस एवं सीएसई विभाग द्वारा आईबीएम डे टेक्नोवेटेव 2026 का आयोजन किया जाएगा। यह दो दिवसीय तकनीकी नवाचार कार्यक्रम प्रात: 9.30 बजे से सायं 5.00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन आईबीएम के सहयोग से किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत आईबीएम प्रोजेक्ट चैंपियनशिप, आईबीएम क्विज़ एरीना ङ्क बैटल ऑफ ब्रेन्स, लर्निंग-बाय-डूइंग सत्र, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डैशबोर्ड निर्माण पर कार्यशालाएं तथा प्लेसमेंट मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को उद्योग आधारित ज्ञान, व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा करियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

# लापता बालिका का शव कुएं में मिला

## बुधवार की शाम घर से निकली थी





नवभारत न्यूज

**सतना 26 फरवरी. बुधवार की शाम पानी लेने के लिए घर से कुएं की ओर गई बालिका लापता हो गई. परिजनों द्वारा उसकी तलाश की ही जा रही थी गुरुवार को उसका शव कुएं में उतराता नजर आ गया. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के नागौद थाना अंतर्गत पोड़ी चौकी क्षेत्र के डुडही गांव की निवासी 13 वर्षीय बालिका रिया चौधरी पिता मुकेश चौधरी का शव गुरुवार को घर के निकट स्थित एक कुएं में उतराता नजर आया. कुएं में शव नजर आते ही गांव में सनसनी फैल गई. आनन-फानन में परिजन बदहवासी की हालत में भागते हुए कुंए के पास पहुंचे. कुएं में बिटिया को मृत पड़ा देख उनके बीच कोहराम मच गया. फौरन ही घटना की सूचना पुलिस को दी गई. मौके पर पहुंची पपुलिस द्वारा बालिका के शव को कुएं से बाहर निकलवाया गया. जिसके बाद कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया.

घटना से बुरी तरह आहत परिजनों ने बिलखते हुए पुलिस को बताया कि रिया बुधवार की शाम लगभग 6 बजे पानी लेने के लिए कुएं की ओर गई थी. लेकिन काफी देर हो जाने के बाद भी वह वापस नहीं लौटी. जिसे देखते हुए परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरु की.

सभी संभावित स्थानों पर खोजने के बावजूद भी जब उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली तो घबराए परिजनों द्वारा गुरुवार की सुबह पोड़ी चौकी में शिकायत की. पुलिस के अनुसार विस्तृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर ही स्पष्ट हो सकेगा कि बालिका दुर्घटना के चलते कुएं में जा गिरी, अथवा किसी ने जानबूझकर ऐसा किया है. जिसके आधार पर आगे की जांच की दिशा निर्धारित हो सकेगी.

